
सतना | मंगलवार | 8 सितंबर 2026 | वर्ष 28 | अंक 008 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
1934 से


2 36 देशों से 274 भगोड़े लाए गए


4 हाइड्रोजन ट्रेन की बढ़ जाएगी रफ्तार


9 देश में हर चौथा जनधन खाता निष्क्रिय


10 अल्काराज 5वीं बार यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में

# सागर जहरीली शराब का थम नहीं रहा कहर, 28 की बलि

## कलेक्टर ने दिए मजेस्ट्रियल जांच के आदेश, अब तक 200 से ज्यादा भर्ती

अवनीश जैन

**सागर, 7 सितबंर. जिले में जहरीली शराब का कहर सोमवार को भी जारी रहा. इलाज के दौरान तीन और मौत के बाद मृतकों की संख्या 22 तक पहुंच गई. हालांकि, प्रशासन की सूची में अब 11 मृतक ही दर्ज हैं. सोमवार सुबह धुरमार निवासी महेश रावत (55) ने बंडा अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.**

वहीं, छापरी गांव निवासी श्याम बाई अहिरवार (50) की जिला अस्पताल में और पापेट गांव निवासी कृष्ण कुमार लोधी की बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) में इलाज के दौरान मौत हो गई. इससे पहले गंभीर हालत के चलते एयरलिफ्ट कर भोपाल ले जाए गए राम प्रसाद लोधी की रविवार रात मौत हो गई थी. उनके पिता गोविंद लोधी ने भी रविवार को दम तोड़ दिया था. राम प्रसाद का छोटा भाई भूरे लोधी अभी बीएमसी में भर्ती है. वहीं, बमूरा गांव में छह लोगों की मौत हो चुकी है. इधर जहरीली शराब के असर से बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सागर जिला अस्पताल और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में करीब 200 से ज्यादा लोग भर्ती हैं.

बंडा निवासी अनूप सिंह लोधी ने अनुसार उसके गांव में 8 लोग अवैध शराब बेचते हैं. 4 सितंबर को वह अपने भतीजे राजेंद्र लोधी के साथ जुझार लोधी की दुकान पर गया था. जुझार ने बताया कि बरेठी के लाइसेंसी शराब ठेकेदार ने नया सस्ता ब्रांड भेजा है. यह 20 रुपए सस्ती मिलेगी. ब्रांड वही है और इसे मनीष व आशीष ने शराब के फार्मूले से बनाया है. राजेंद्र ने जुझार की दुकान से 70 रुपए में एक क्वार्टर देशी शराब खरीदी और पी. रात में घर लौटने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई. उसे बंडा अस्पताल ले जाया गया, जहां से सागर रेफर किया गया. इलाज के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई. करतार सिंह लोधी और दिग्विजय सिंह लोधी की भी शराब पीने से मौत हुई.



### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

इधर इस मामले में विपक्ष के बढ़ते दबाव के चलते कलेक्टर प्रतिभा पाल ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी किए हैं. उन्होंने सभी बिंदुओं की जांच कर स्पष्ट अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. इधर, एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया कि शराब मामले में बंडा और विनायका थाने में 25 से अधिक नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. उन्हें थाने लाकर पूछताछ की जा रही है.

### अवैध शराब नहीं हुई जब्त

इस घटना में सोमवार को प्रशासन और पुलिस की एक बड़ी लापरवाही तब सामने आई जब अस्पतालों में नए मामले पहुंचे. जहरीली शराब से बीमार हुए लोगों के मुताबिक उन्होंने रविवार रात को शराब पी और उसके बाद उनकी तबियत खराब हुई. इसका मतलब साफ है कि प्रशासन ने संदिग्ध ठेके तो सील कर दिए लेकिन गांवों में अवैध शराब के अड्डों या घरों में मौजूद जहरीली शराब को जब्त नहीं किया. जिससे अभी उसका कहर बदस्तूर जारी है.

# फरार पीजी मालिक हरि ओम बंसल गिरफ्तार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली, 7 सितंबर. दक्षिणी दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला पीजी इमारत ढहने के मामले में दिल्ली पुलिस ने मालिक हरि ओम बंसल को और पत्नी और बेटे को राजस्थान के भिवाड़ी से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस आयुक्त नीरज ठाकुर ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है.**



हादसे के बाद से ही पुलिस की कई टीमें मालिक की तलाश में जुटी थीं. उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया था. दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के पास सत्य निकेतन की संकरी गली में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया. लडकों के पेइंग गेस्ट के रूप में इस्तेमाल की जा रही 30 साल पुरानी पांच मंजिला इमारत भरभराकर ढह गई. हादसे में 6 लोगों की मौत हो चुकी है सत्य निकेतन में पांच मंजिला पीजी इमारत गिरने के मामले में एमसीडी ने बड़ी कार्रवाई की है.

**▸ डिप्टी कमिश्नर समेत 5 अफसर सस्पेंड, विभागीय जांच का भी आदेश**

### पीजी-हॉस्टलों की सुरक्षा पर हाईकोर्ट सख्त

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में हुए दर्दनाक इमारत हादसे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने गहरी नाराजगी और दुख जताया है. अदालत ने सोमवार को इस घटना को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इसके लिए केवल इमारत के मालिक ही नहीं, बल्कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) भी समान रूप से जिम्मेदार हैं. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यदि संबंधित अधिकारियों ने अपने वैधानिक कर्तव्यों का ठीक से पालन किया होता, तो ऐसे हादसों को टाला जा सकता था.



# इथियोपिया के राष्ट्रपति अत्स्के सेलासी से मिले सीएम डॉ. यादव

## सीएम ने जीआईएस में शामिल होने के लिए दिया न्यौता

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संयुक्त अरब अमीरात प्रवास के दौरान इथियोपिया के राष्ट्रपतिताये अत्स्के सेलासी से मुलाकात की. दोनों नेताओं के बीच मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं के साथ भारत-इथियोपिया आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने तथा दोनों देशों के बीच व्यापारिक एवं निवेश सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विस्तार से चर्चा हुई.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इथियोपिया के राष्ट्रपति को मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों, अनुकूल औद्योगिक वातावरण और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और प्रदेश में वैश्विक निवेशकों के लिए नए अवसर लगातार विकसित किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इथियोपिया के उद्योग एवं व्यापार जगत को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रदेश कृषि, फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल्स, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और आधुनिक तकनीक जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध करा रहा है.

उन्होंने इथियोपिया के राष्ट्रपति को मध्यप्रदेश में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने का आमंत्रण दिया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक निवेशकों के साथ साझेदारी के माध्यम से मध्यप्रदेश को निवेश, उद्योग और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दुबई प्रवास के दूसरे दिन संयुक्त अरब अमीरात की सुप्रीम काउंसिल के सदस्य एवं रस-अल-खैमा के शासक शेख सौद बिन सकर अल कासिमी से मुलाकात की. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश के अनुकूल वातावरण और प्रदेश में उपलब्ध विभिन्न औद्योगिक और व्यवसायिक अवसरों की जानकारी दी. बैठक में मप्र और रस-अल-खैमा के बीच निवेश संवर्धन, औद्योगिक सहयोग, निवेशकों के संपर्क और बाजार पहुंच बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ.

